मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 11/06/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 451/2025
11 जून 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से भारत में जर्मनी के राजदूत श्री फिलिप एकरमैन ने की मुलाकात, विकास से जुड़े विषयों पर हुई विशेष रूप से चर्चा =======================

◆ मुख्यमंत्री ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं से जर्मन राजदूत को कराया अवगत, जर्मन राजदूत ने सहयोग और भागीदार बनने की जताई इच्छा
=====================

◆ जर्मनी के राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आने का दिया न्योता
====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारत में जर्मनी के राजदूत श्री फिलिप एकरमैन एवं इकोनॉमी काउंसलर ने भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मन राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानताएं हैं, ऐसे में कोल आधारित उद्योगों

के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश- विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को जर्मनी आगे का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

==========================

#Team PRD(CMO)